भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3898**
12 अगस्त, 2025 को उत्तरार्थ

विषयः किसानों को राजसहायता
3898. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:
क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) सरकार द्वारा देशभर के किसानों को जिन विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत राजसहायता प्रदान की जा रही है, उनका ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या देश के सभी राज्यों के किसान उक्त सभी योजनाओं के अंतर्गत राजसहायता का लाभ प्राप्त कर रहे हैं;
(ग) क्या दिल्ली के किसानों को भी सरकार की उक्त योजनाओं के अंतर्गत राजसहायता प्रदान की जा रही है; और
(घ) यदि हाँ, तो पिछले ग्यारह वर्षों के दौरान दिल्ली के किसानों को योजना-वार कितनी राजसहायता प्राप्त हुई?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) और (ख) कृषि का कृषि राज्य विषय है। भारत सरकार विभिन्न केंद्रीय क्षेत्रक और केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करती है। ये योजनाएँ देश भर के किसानों के लाभ के लिए सब्सिडी सहित कृषि के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की सूची **अनुबंध I** में दी गई है।

(ग) एवं (घ) पिछले ग्यारह वर्षों अर्थात 2014-15 से 2024-25 तक दिल्ली के किसानों के कल्याण के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) द्वारा कार्यान्वित योजनाओं का वित्तीय विवरण **अनुबंध II** में दिया गया है।

**अनुबंध I**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा क्रियान्वित प्रमुख योजनाएँ

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (किसान-पीएम)
2. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (.वाई.एम.के-पीएम)
3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस/ (.वाई.बी.एफ.एम.पी) स्कीम (.एस.आई.सी.बी.डब्ल्यू.आर)
4. संशोधित ब्याज अनुदान योजना (.एस.एस.आई.एम)
5. एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (.एफ.आई.ए)
6. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों .एफ) पीका गठन और संवर्धन (.ओ.
7. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (.एम.एच.बी.एन)
8. नमो ड्रोन दीदी
9. राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (.एफ.एन.एम.एन)
10. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (आशा-पीएम)
11. स्टार्टएग्र) अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए एग्री फंड-ीश्योर (
12. प्रति बूंद अधिक फसल (.सी.एम.डी.पी)
13. कृषि मशीनीकरण उप (.एम.ए.एम.एस) मिशन-
14. परम्परागत कृषि विकास योजना (.वाई.वी.के.पी)
15. सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी (.एंड एफ .एच.एस)
16. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (.डी.ए.आर)
17. कृषि वानिकी
18. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (.पी.डी.सी)
19. कृषि विस्तार उप (.ई.ए.एम.एस) मिशन-
20. बीज एवं रोपण सामग्री उप (.पी.एस.एम.एस) मिशन-
21. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (.एम.एन.एस.एफ.एन)
22. इंटीग्रेटेड स्कीम फ़ॉर एग्रीकल्चर मार्केटिंग (.एम.ए.एस.आई)
23. समेकित बागवानी विकास मिशन (.एच.डी.आई.एम)
24. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन ऑयल पाम -(.ओ.ई.एम.एन)
25. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन तिलहन -(.ओ.ई.एम.एन)
26. पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन
27. डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन
28. राष्ट्रीय बांस मिशन

**अनुबंध II**

## दिल्ली में किसानों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं का वित्तीय विवरण

### I. केंद्रीय क्षेत्रक योजनाएँ

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की बीस (20) किस्तें अब तक वितरित की जा चुकी हैं। दिल्ली में किसानों को कुल ₹51.68 करोड़ वितरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 20वीं किस्त के अंतर्गत 11,516 लाभार्थियों को ₹2.89 करोड़ वितरित किए गए हैं।

2. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई) के प्रारंभ से लेकर अब तक 30.06.2025 तक 360 किसानों को इसके अंतर्गत नामांकित किया गया है।

3. कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) के अंतर्गत, 30.06.2025 तक, 14 परियोजनाओं के लिए ₹35 करोड़ स्वीकृत किए जा चुके हैं। इन स्वीकृत परियोजनाओं की कुल परियोजना लागत ₹58 करोड़ है।

### II. केंद्रीय प्रायोजित योजनाएँ

पिछले 11 वर्षों (अर्थात 2014-15 से 2024-25 तक) के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के सभी घटकों के अंतर्गत ₹96.27 करोड़ आवंटित किए गए। कृषि विकास योजना (केवाई) के सभी घटकों के अंतर्गत आवंटन ₹20.49 करोड़ था। वित्त वर्ष 2025-26 में, दिल्ली सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर, भारत सरकार द्वारा पीएम-आरकेवीवाई और केवाई के अंतर्गत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए क्रमशः ₹5.77 करोड़ और ₹1.10 करोड़ की कार्य योजनाएँ स्वीकृत की गई हैं।

*****